भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 881

जिसका उत्तर 19 सितंबर, 2020 को दिया जाना है।

.....

नमामि गंगे कार्यक्रम की स्थिति

881. श्री सतीश चंद्र दुबे:

श्री सी. एम. रमेशः

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने वर्ष 2014-15 से 2019-2020 के दौरान 'नमामि गंगे कार्यक्रम' के अंतर्गत व्यय किए जाने हेतु कितनी धनराशि को मंजूरी दी है;

(ख) आज की तिथि के अनुसार आवंटित धनराशि में से व्यय की गई धनराशि का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई और पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं और इन परियोजनाओं पर अब तक किए गए व्यय का परियोजना-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) भारत सरकार ने गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण के लिए वर्ष 2014-15 में नमामि गंगे कार्यक्रम लांच किया है, जिसका कुल बजटरी आउटले वर्ष 2014-15 से वर्ष 2020-21 तक की समय अवधि के लिए 20,000 करोड़ रूपए है। वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2019-20 तक की अवधि के दौरान भारत सरकार ने नमामि गंगे कार्यक्रम के लिए 12,324.86 करोड़ रुपये का अंतिम आवंटन किया हैं।

(ख) राज्य सरकारों/राज्य कार्यक्रम प्रबंधन समूहों/सीपीएसयू/अन्य कार्यकारी एजेंसियों को वित्तीय वर्ष 2014-15 से वित्तीय वर्ष 2020-21 (31 जुलाई, 2020 तक) तक वर्षवार और राज्यवार जारी की गई निधि का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग) गंगा नदी और उसकी उप नदियों के संरक्षण और प्रदूषण उपशमन के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के अतंर्गत 28854 करोड़ रूपए की लागत पर कुल 315 परियोजनाओं को मंजूर किया गया है। परियोजनाओं को विभिन्न कार्यकलापों के लिए मंजूर किया गया जैसे सीवरेज अवसंरचना, औद्योगिक प्रदूषण उपशमन, घाट और शवदाहगृह, नदी तट विकास, नदी सतह स्वच्छता, संस्थागत विकास, जैव विविधता संरक्षण, वनीकरण, ग्रामीण स्वच्छता इत्यादि। 315 परियोजनाओं में से 132 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और शेष परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न स्तरों पर हैं। एनजीपी के अंतर्गत इन परियोजनाओं पर 31.07.2020 तक व्यय की गई लागत 9066 करोड़ रूपए है। 31.07.2020 की स्थिति के अनुसार आरंभ की गई और पूरी की गई परियोजनाओं और परियोजना-वार व्यय की गई लागत के राज्य-वार ब्यौरे **अनुलग्नक-II** पर दिए गए हैं।

*****

अनुलग्नक-I

"नमामि गंगे कार्यक्रम की स्थिति" के संबंध में दिनांक 19.09.2020 को उत्तर दिये जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 881 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा जारी की गई निधि/व्यय का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा

(करोड़ रु.)

राज्य	वित्त वर्ष 2014-15	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2016-17	वित्त वर्ष 2017-18	वित्त वर्ष 2018-19	वित्त वर्ष 2019-20	वित्त वर्ष 2020-21*	कुल
उत्तराखंड	4.26	37.04	43.97	242.49	341.44	128.20	4.12	801.52
उत्तर प्रदेश	74.58	153.35	602.90	549.88	823.77	821.09	77.06	3,102.63
बिहार	----	124.23	82.03	367.18	673.03	1,185.17	4.09	2,435.73
झारखंड	0.97	27.83	49.53	21.72	74.23	30.50	12.18	216.96
पश्चिम बंगाल	73.85	185.79	117.25	249.35	227.62	70.60	15.82	940.28
दिल्ली	----	4.96	2.17	81.57	310.69	214.47	----	613.86
हरियाणा	----	30.00	52.73	6.88	----	----	----	89.61
पर्यावरणीय आयोजना और समन्वय संगठन, जबलपुर, मध्य प्रदेश	----	3.39	6.50	----	----	----	----	9.89
शहरी सुधार ट्रस्ट कोटा, राजस्थान	----	----	20.00	----	----	----	----	20.00
सिंचाई और जन स्वास्थ्य विभाग, हिमाचल प्रदेश	----	----	----	----	----	----	----	----
अन्य बेसि व्यापक कार्य सहित एनएमसीजी का व्यय	17.33	36.01	85.73	105.94	175.76	223.06	40.89	684.72
कुल	**170.99**	**602.60**	**1,062.81**	**1,625.01**	**2,626.54**	**2,673.09**	**154.16**	**8,915.20**

(*31 जुलाई, 2020 तक)

अनुलग्नक-II

"नमामि गंगे कार्यक्रम की स्थिति" के संबंध में दिनांक 19.09.2020 को उत्तर दिये जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 381 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(जुलाई, 2020 की स्थिति के अनुसार)

क्र.□□	आरंभ की □□ परियोजनाएं	परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत □□□□ (□□□□ रु.)	पूरी हुई परियोजनाओं की संख्या	कुल व्यय (□□□□ रु.)
उत्तराखंड					
1	□□□□□ □फ्रास्ट्रक्चर	34	1151.18	26	524.11
2	□□□ □□ □□□□□ □□□	13	259.83	10	177.18
3	□□□□□□	4	84.34	3	77.19
4	घाटों की सफाई	1	15.9	0	2.07
5	नदी तल सफाई*		3.09	0	0.91
	□□ □□□	**52**	**1514.34**	**39**	**781.46**
उत्तर प्रदेश					
1	□□□□□ इंफ्रास्ट्रक्चर	49	10078.24	20	2707.02
2	□□□ □□ □□□□□ □□□	15	385.97	11	238.22
3	□□□□□□	5	98.3	3	33.51
4	घाटों की सफाई	2	29.64	0	18.26
5	नदी तल सफाई*	-	12.41	0	3.74
6	औद्योगिक प्रदूषण में क□□	4	807.5	0	0
	□□ □□□	**75**	**11412.06**	**34**	**3000.75**
बिहार					
1	□□□□□ इंफ्रास्ट्रक्चर	30	5328.6	2	1205.05
2	□□□ □□ □□□□□ □□□ □□□ नदी तट विकास	15	492.01	3	371.72
3	□□□□□□	4	63.83	3	57.07
4	नदी तल सफाई*	1	3.96	0	1.87
	□□ □□□	**50**	**5888.4**	**8**	**1635.71**
□□□□□					
1	□□□□□ इंफ्रास्ट्रक्चर	2	156.12	1	126.23
2	□□□ □□ □□□□□ □□□	4	62.07	3	43.72
3	□□□□□□	4	24.39	3	20.44
4	नदी तल सफाई*		3.6	0	2.36
	□□ □□□	**10**	**246.18**	**7**	**192.75**
पश्चिम बंगाल					
1	□□□□□ इंफ्रास्ट्रक्चर	22	3815.97	3	1077.5
2	□□□ □□ □□□□□ □□□	29	226.16	24	192.95
3	□□□□□□	4	35.45	3	15.58
4	नदी तल सफाई*		7.38	0	2.51
	□□ □□□	**55**	**4084.96**	**30**	**1288.54**

क्र.□□	आरंभ की ग□□ परियोजनाएं	परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत □□□□ (करोड़ रु.)	पूरी हुई परियोजनाओं की संख्या	कुल व्यय (□□□□ रु.)
दिल्ली					
1	□□□□□ इंफ्रास्ट्रक्चर	11	2361.08	0	618.4
2	नदी तल सफाई*		3.09	0	1.31
	□□ □□□	**11**	**2364.17**	**0**	**619.71**
हरियाणा					
1	□□□□□ इंफ्रास्ट्रक्चर	2	217.87	2	217.94
	□□ □□□	**2**	**217.87**	**2**	217.94
हिमाचल प्रदेश					
1	□□□□□ इंफ्रास्ट्रक्चर	1	11.57	0	-
	□□ □□□	**1**	**11.57**	**0**	**-**
बेसिन व्यापक परियोजनाएं					
1	जैव विविधता	8	150.54	4	32.39
2	ग्रामीण स्वच्छता (गंगा की मुख्य धारा पर स्थित राज्य)	1	1421.26	0	1020.44
3	अन्य परियोजनाएं (बार□□ □□□□□□□, जल गुणवत्ता मॉनीटरिंग, पब्लिक आउटरीच, गंगा ज्ञान केंद्र)	50	1542.76	8	276.13
	□□ □□□	**59**	**3114.56**	**12**	**1328.96**
	□□□ □□□	**315**	**28854.11**	**132**	**9065.82**

टिप्पणी: 1. *33.53 करोड़ रूपए की कुल लागत पर उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और दिल्ली राज्य में "नदी सतह की सफाई" के अंतर्गत 01 परियोजना मंजूर की गई।

2. दर्शाए गए व्यय में कुछ परियोजनाओं में राज्य का शेयर भी शामिल है।

******